हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ 20 लाख से होंगे ...



11 छत पर चढ़ा, खुद पर मिट्टी तेल उड़ेलकर आत्महत्या...



## खबर संक्षेप

### ग्राम खुंदनी में रक्तदान शिविर 30 को

**गुरूर।** बालोद जिला सर्वोदय मंडल द्वारा ग्राम खुंदनी में 30 जनवरी को बाजार चौक के पास महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सर्वोदय मंडल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालोद एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सर्वोदय मंडल के सचिव परसराम साहू ने बताया कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम खुंदनी में किया जाना है।

### ग्राम रमतरा में मानसगान स्पर्धा 17 से, मड़ई 20 को

**गुरूर।** नवजागृति मानस प्रचार समिति एवं समस्त ग्रामवासी रमतरा के तत्वावधान में 17 से 19 जनवरी तक तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष सुदर्शन सार्वा ने बताया कि पुरुष वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 3225 रुपये, द्वितीय 2925, तृतीय 2625, चतुर्थ 2325 एवं पंचम 2025 रुपए रखा गया है। महिला वर्ग के लिए 3025 रुपये, द्वितीय 2725, तृतीय 2425, चतुर्थ 2125 एवं पंचम पुरस्कार 1825 रुपये है। विशेष पुरस्कार समिति द्वारा रखा गया है। प्रतियोगिता में ख्याति प्राप्त 16 मंडलियां प्रस्तुति देंगी। गिरधारी हिरवानी ने बताया कि 20 जनवरी को गांव में मड़ई का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुहीखुर्द दुर्रे बंजारी का कार्यक्रम होगा।वहीं, नारायण साहू व यूकुमार साहू ने बताया कि 25 जनवरी को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### लाटाबोड़ में रामधुनी स्पर्धा 18 से, मड़ई-मेला 20 को

**लाटाबोड़।** आदर्श ग्राम लाटाबोड़ में जय सरस्वती लोक संगीत रामधुनी पार्टी एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 18 एवं 19 जनवरी को छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष चंद्रहास सोरी ने बताया कि इसके साथ ही 20 जनवरी को ग्राम में मेला-मड़ई रखा गया है। उन्होंने बताया कि मनोरंजन के लिए रात्रि में लहर गंगा धनेली (गुरुर) वालों का छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

### ग्राम चिरचारी में मड़ई-मेला 17 को

**बालोद।** ग्राम चिरचारी में 17 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में नाचा-गम्मत गोपाल बलराम प्रस्तुति ग्राम निपानी का कार्यक्रम रखा गया है।

### नेवारीकला में मड़ई 17 को, तीन दिन होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में 17 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन किया गया है। वहीं, 18 जनवरी को एक दिवसीय कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता तथा 18 व 19 जनवरी को दो दिवसीय भव्य संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय 3001, तृतीय 2001 व चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। वहीं चौसर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2001, तृतीय 1001 तथा चतुर्थ पुरस्कार 701 रूपये रखा गया है। इसी तरह 18 व 19 जनवरी को दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता में संगीतमय झांकी में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2001, तृतीय 1501, चतुर्थ 1001, पंचम 701 एवं षष्ठम पुरस्कार 501 रूपये रखा गया है। वहीं, संगीतमय कथा प्रधान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2001, तृतीय 1501, चतुर्थ 1001, पंचम 701 एवं षष्ठम पुरस्कार 501 रूपये रखा गया है।

# छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव में बेमेतरा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, जीते कई पदक

## रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 12 से 14 जनवरी तक हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य में युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया।

यह आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 12 से 14 जनवरी तक हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से युवा प्रतिभागियों ने अपनी संस्कृति, परंपरा, विज्ञान और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया।

महोत्सव का शुभारंभ 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर किया गया।



### कलेक्टर व जिला खेल अधिकारी ने दी बधाई

बेमेतरा जिले के प्रतिभागियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं और बधाई दी। जिला खेल अधिकारी पिंकी मनहर ने भी सभी प्रतिभागियों, उनके प्रशिक्षकों और अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। बेमेतरा जिला युवा दल के नोडल अधिकारी उपेन्द्र सिंह सेंगर, सहायक जिला खेल अधिकारी, दल प्रबंधक पवन साहू, नोकेश्वर वर्मा, विजय पाण्डेय, विष्णु धीवर, जे.आर. रजक, वेदप्रकाश वंदना, नेमेश्वरी साहू और रुपेश यादव ने इस आयोजन में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

बेमेतरा जिले से 50 युवा प्रतिभागी और 10 अधिकारियों का दल इस महोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचे।

इस महोत्सव में बेमेतरा के प्रतिभागियों ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विभिन्न पदक जीते। साजा विकासखंड से हस्तशिल्प कला में यशवंत सिन्हा, इंद्र कुमार सिन्हा, दीपाली कुम्भकार, भारती साहू और रवि गोस्वामी ने रजत पदक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह, चित्रकला प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के घनश्याम दास मानिकपुरी ने कांस्य पदक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान अर्जित किया।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने पुलिस-प्रशासन पर शांतिपूर्ण आंदोलन का दमन करने का लगाया आरोप

# निरपराध लोगों पर धारा 151 को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है पुलिस : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कांग्रेस जिला अध्यक्ष बंशी पटेल ने पथर्रा में चल रहे किसान आंदोलन में सीधे साधे ग्रामीण किसानों और महिलाओं पर पुलिसिया दमन का आरोप लगाते हुए, इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने लोकतांत्रिक देश में इस तरह की दमनात्मक कार्रवाई को अस्वीकार्य बताया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री पटेल ने इसे उद्योगपति के इशारे पर की जा रही तानाशाही करार दिया है। उन्होंने कहा कि बेमेतरा एक शांतप्रिय क्षेत्र है, यहां के लोग सीधे-साधे हैं और किसी भी प्रकार के अपराध में शामिल नहीं है। लेकिन, बेमेतरा पुलिस प्रशासन उद्योगपति के नौकर की तरह कार्य कर रही है। प्रदर्शनकारी वृद्ध महिलाओं पर रास्ता रोकने और अश्लील गाली देने जैसे निराधार आरोप लगाना प्रशासन और उद्योग पति की गंदी मानसिकता का परिचायक है। यहां की महिलाओं पर अश्लील गाली गलौज करने का आरोप लगाना छत्तीसगढ़ी महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि द्योगपति की यदि इस तरह की गंदी हरकत जारी रही, तो कांग्रेस पार्टी किसानों और महिलाओं के सम्मान में जमीन पर उतरकर संघर्ष के लिए मजबूर होगी। कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस निरपराध लोगों पर धारा 151 (नई धारा 170)को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है।

■ कहा- किसानों और महिलाओं के सम्मान में सघर्ष के लिए सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

### चुनाव के दौरान दीपेश ने घोषणा पत्र में प्लांट बंद कराने का किया था वादा

श्री पटेल ने वर्तमान भाजपा विधायक दीपेश साहू पर आक्षेप लगाया कि चुनाव के समय भाजपा के बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अपने घोषणा पत्र में इस प्लांट को बंद कराने का वायदा किया था। घोषणा पत्र का पहला बिंदु ही इस प्लांट को बंद कराने का था। चुनाव जीतने के बाद भाजपा के लोगों ने 14 दिसंबर 2023 को जाकर प्लांट को बंद कराया था। फिर ऐसा क्या हुआ कि विधायक सहित पूरे भाजपा के लोग प्लांट का रास्ता ही भूलकर घर बैठ गए? पथर्रा की जनता आज पूछ रही है, दीपेश साहू और भाजपा का एथेनाल प्लांट मालिक के बीच चुप रहने के लिए क्या समझौता हुआ है स्पष्ट करें? यहां की जनता जान चाहती है। अपने अधिकार के लिए संघर्ष करने वाली जनता पर इस तरह दमन की कार्रवाई देखने का बाद भी भाजपा और उसके विधायक की रहस्यमय चुप्पी किस ओर इशारा कर रही है, इसका खुलासा ही जरूरी है।

## प्लांट से कम्प्यूटर चोरी मामले में दो पकड़ाए



**बेमेतरा।** पथर्रा फ्युल्स एथेनाल प्लांट प्राइवेट लिमिटेड में बंद के दौरान हुए कम्प्युटर सेट चोरी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गये कम्प्युटर सेट व घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त करने का दावा किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पथर्रा फ्युल्स एथेनाल प्लांट प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाईजर प्रार्थी नीतेश शर्मा उम्र 35 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीते साल 19 दिसंबर से 9 जनवरी 2025 तक प्लांट बंद था। 10 जनवरी को प्लांट पुनः चालू करने मेन गेट का ताला खोला गया, तब देखा गया कि निर्माणाधीन बायलर कंट्रोल रूम का सीसीटीवी कैमरा एवं लाईट टूटा हुआ है। साथ ही टेबल पर रखे 1 नग सीपीयु, 2 नग मानीटर, 2 की बोर्ड, 2 नग माउस नहीं थे। सीसीटीवी कैमरे में नजर आया कि 26 दिसंबर 2024 को 23:46 बजे व 28 दिसंबर 2024 के 00:42 बजे रात्रि में दो व्यक्ति प्लांट के अंदर बायलर कंट्रोल रूम में घुसकर कम्प्युटर सेट चोरी कर ले जा रहे हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 331 (4), 305(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

■ पथर्रा फ्युल्स एथेनाल प्लांट प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाईजर नीतेश शर्मा ने लिखाई थी चोरी की रिपोर्ट

### पूछताछ में किया स्वीकार

जांच के दौरान घटनास्थल से मिले साक्ष्य के आधार पर आरोपी पिंकु विश्वकर्मा पिता बेदराम विश्वकर्मा उम्र 26, अनिल निषाद पिता स्व.राजेश निषाद उम्र 20 साल ग्राम बसनी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर उक्त चोरी की घटना को करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशांदेही पर चोरी गये 01 नग सीपीयु, 02 नग मानीटर, 02 की बोर्ड, 02 नग माउस कीमती करीबन 80,000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 25 एन 8358 को बरामद किया गया। दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि शशीकांता साहू, सउनि उदलराम टांडेकर, प्रधान आरक्षक रघुराज यदु, हेमंत साहू, आरक्षक राहुल यादव, शिव कुमार सेन, चुरावन पाल, रामगोपाल निषाद, मालिकराम सिन्हा सहित अन्य स्टाफ शामिल रहे।

# पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगों ने घेरी नगर पालिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शहर के वार्ड क्रमांक 3 में पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं वार्डवासियों ने बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव सिद्धांत दीवान के साथ नगरपालिका का घेराव करते हुए सीएमओ से शिकायत की। वार्डवासियों का कहना है कि पिछले तीन महीनों से बोर खराब होने के कारण पानी की समस्या हो रही है। वार्ड के लोगों का कहना है कि पेयजल के लिए कई बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। वही कांग्रेस कमेटी के सचिव ने कहा कि वार्ड में पेयजल सहित सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। उन्होंने जल्द से जल्द समस्या दूर नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। शिकायकर्ताओं में नारायण राजपूत, अशोक ठाकुर, पप्पू साहू, रामस्वरूप साहू, अमित पटवा, सुशील भारती, चंद्रहास सोनी सहित अन्य वार्डवासी शामिल थे।

■ वार्ड क्रमांक 3 के निवासियों ने कांग्रेस नेता के साथ सीएमओ से की शिकायत

### सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए मिले 10.40 लाख

**बेमेतरा।** विधानसभा बेमेतरा स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिले के विभिन्न गावों में विकास कार्यों के लिए 10 लाख 40 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। दिपेश साहू विधायक की अनुशंसा पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बेमेतरा के ग्राम जेवरी में बाजार चौक से रेवा साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रुपये व आनंद किराना दुकान से लेकर बसंत उत्तरा दिवाकर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रुपये प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी विधायक निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कंक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लगाये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# एसपी साहू को मिली पदोन्नति बने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



एसपी रामकृष्ण साहू के पदोन्नति उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनने पर कार्यालय में केक काटकर सेलिब्रेट किया गया। सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को केक और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया।

इस दौरान जिले के मातहत सभी राजपत्रित अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी कौशिल्या साहू, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, रक्षित निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह, मुख्यलिपिक उनि (अ) हरिओंम विश्वकर्मा, स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, रीकाड/एसी-1लिपिक उनि (अ) प्रदीप देशमुख,एसपी रीडर विष्णु सप्रे, एएसपी रीडर चंद्रशेखर राजपूत, डीएसबी प्रभारी प्रधान आरक्षक एश्वर्य सिंह क्षत्री, डीसीबी प्रभारी राजीव शर्मा, शिकायत शाखा प्रभारी ▶▶ शेष पेज 11 पर

# क्रशर प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/कोदवा



जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम कोदवा के ग्रामीणों ने बीएम क्रशर प्लांट पर मानक व मापदंडों को दरकिनार कर अवैध रूप से संचालन करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। ये ग्रामीण कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे थे।

■ कोदवा के ग्रामीणों ने जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने ज्ञापन में दुर्ग मार्ग पर स्थित बीएम मिनरल्स ग्राम कोदवा के अस्थाई डेलोमाइट भण्डार अनुज्ञा को निरस्तीरण करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि कोदवा क्रशर प्लान्ट का संचालन दिन व रात में भी लगातार किया जा रहा है। इस तरह खनिज नियम को दरकिनार कर नियम व मापदंडों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं, क्रशर प्लान्ट से निकलने वाले पत्थर के धूल व कण से आस पास के वातावरण को प्रदूषण कर रहा है। बिना पानी उपयोग किये बिना लगातार क्रशर प्लांट को लगातार चलाया जा रहा है, जिसके कारण से गांव व घरों घर में धूल घुस जाती है और खाने पीने व घर के कोने-कोने तक धूल की जमाव स्थिति बन जाती है। क्रशर प्लान्ट बेमेतरा-दुर्ग राजमार्ग पर स्थित होने के कारण रोड पर पूरे दिन-रात क्रशर चलने पत्थर की धूल के कारण कुछ दिखाई नहीं देने के कारण बड़ी दुर्घटना घट जाती है, जिसका रिकार्ड साजा थाने में है। इससे ग्रामीणों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। बहुत लोग सिलिकोसिस नामक फेफड़ों की बीमारी से ग्रस्त हो गए हैं, जो जांच का विषय है। वहीं, आंगनबाड़ी से लेकर शासकीय हाई स्कूल कोदवा तक शिक्षा व स्वास्थ्य चिकित्सालय, किराना दुकान, बैंक, सीएससी, होटल, मशीनों से लेकर दैनिक उपयोगी समान व उपकरणों से आच्छादित है। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज परीक्षा छात्रवृत्ति योजना के तहत किया प्रदर्शन

# डीपीएस के जीवांश ने भोपाल में दिखाया हस्तकला का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा



शिक्षा के साथ संस्कृति को जोड़ने वाली देश की सर्वोच्च संस्था सांस्कृतिक स्त्रोत्र एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली द्वारा विगत दिनों भोपाल स्थित राष्ट्रीय इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय श्यामला हिल्स भोपाल में 10 से 14 वर्ष के सांस्कृतिक प्रतिभावान बच्चों के लिए राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज परीक्षा छात्रवृत्ति योजना के तहत चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें नगर पंचायत साजा स्थित डीपीएस के छात्र जिवांश पटेल ने हस्तकला विधा में अपने हुनर का परिचय दिया। जनजाति शोधार्थी एवं प्रधान पाठक राम कुमार वर्मा भिलाई ने समुदाय विस्तार सेवा के अंतर्गत मार्गदर्शन देकर व शाला की डायरेक्टर सरिता तिवारी की प्रेरणा से छात्र जीवांश ने विगत दिनों से हस्तकला को गुरु के मार्गदर्शन में सिखते हुए विषय वस्तु के साथ जोड़ने और कक्षाओं की सज्जा में सक्रियता से योगदान किया है। इसकी प्रारंभिक चयन परीक्षा के लिए उनकी प्रतिभा को देखते हुए भोपाल आमंत्रित किया गया था। जहां देश भर के अन्य बच्चों ने अपने गायन, वादन, नृत्य, हस्तकला, चित्रकला रंगोली कला आदि का प्रदर्शन किया। वहीं, जिवांश ने हस्तकला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया है।

### 10 वर्ष तक दी जाती है विशेष छात्रवृत्ति

इस छात्रवृत्ति योजना में चयनित होने पर विद्यार्थियों को 10 वर्ष तक केंद्र स्तर से विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। वहीं, गुरु-शिष्य परंपरा को बढ़ाने के लिए गुरुवृत्ति प्रदान की जाती है। इसमें भाग लेने के लिए शिक्षिका पद्मिनी सिन्हा हेमीन वर्मा प्रधान पाठिका, चंचल वर्मा, निन्नी वर्मा, धनंजय राजपूत, अतुल तिवारी, चूड़ामणि कुर्रे, पूजा जोशी, ललिता पटेल, दीपा साहू और पिता महेंद्र पटेल, माता आशा पटेल, नाना पोषण पटेल, नानी सरस्वती पटेल ने जिवांश पटेल को सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### गुढ़ियारी में रक्तदान शिविर महिलाओं ने लिया भाग



**रायपुर**। समाजसेवी संस्था प्रमा फाउंडेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गुढ़ियारी क्षेत्र के अवधपुरी मैदान में गत दिनों लगाया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद जयंती एवं अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर किया गया। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, खासकर महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया एवं कुल 110 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी, सागर टीएमटी, श्रीराम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लवकुश सेल्स, वचन डेयरी का विशेष सहयोग रहा। संस्था के अध्यक्ष मनीष कुमार धुरंधर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा रहीं एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर जिला सहकारी बैंक मर्यादित के पूर्व अध्यक्ष पंकज शर्मा ने की।

### डूंडा के ब्वॉयज ग्रुप ने डांस में जीता गोल्ड मेडल



**रायपुर**। एक बार फिर रायपुर छत्तीसगढ़ के एच बॉयज ग्रुप ने छत्तीसगढ़ का नाम पूरे भारत देश में रोशन किया है। ग्रुप के युवाओं ने दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। जानकारी के मुताबिक, इंडियन हिपहॉप चैम्पियनशिप-2025 सीजन 13 मुंबई मलाड वेस्ट में आयोजित किया गया था, जिसमें उन्होंने एडल्ट डिवीजन (उम्र 18 से ऊपर) में भाग लिया और गोल्ड मेडल हासिल किया। ये सभी युवा रायपुर के डूंडा गांव के रहवासी हैं। उनके ग्रुप का नाम एच. बॉयज है। बजरंग दल डूंडा प्रमुख रूपनारायण साहू, खेलवान साहू, उनके साथी और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के गोपी साहू, राकेश साहू, सतानंद साहू तथा बच्चों के परिजनों ने मिलकर गाजे-बाजे, आतिशबाजी से उनका भव्य स्वागत किया।

### बेसमेंट पार्किंग में कैंटीन डाइनिंग एरिया सील

**रायपुर**। वीआईपी रोड स्थित एसएमसी हॉस्पिटल के बेसमेंट पार्किंग में बिना अनुमति कैंटीन का संचालन किया जा रहा था। इसकी शिकायत प्राप्त होने के बाद डाइनिंग एरिया को सीलबंद कर दिया गया है। नगर निगम जोन-3 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, सहायक अभियंता सुशील अहीर, रंजीत बारवा, अक्षय भारद्वाज सहित संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में डाइनिंग एरिया को सीलबंद करने की कड़ी कार्यवाही की गई। अस्पताल संचालक को पूर्व में कई बार नोटिस दिया जा चुका है। इसके बाद भी बेसमेंट पार्किंग में संचालित कैंटीन बंद नहीं की गई। इसके अलावा हॉस्पिटल द्वारा सड़क को सामने की ओर घेरकर बनाए गए रैंप को हटाने की भी कार्यवाही की गई है। सड़क पर रैम्प बनाए जाने से वहां लगातार सड़क यातायात बाधित हो रहा है।

# प्रयागराज महाकुंभ में लोगों के आकर्षण का केंद्र बना छत्तीसगढ़ पैवेलियन

## छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और इतिहास को जानने के लिए उमड़ रही है लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और यहां का गौरवशाली इतिहास हर किसी को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और मोदी की गारंटी के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे छत्तीसगढ़ को जानने के लिए देश में हर कोई बेताब रहता है। इसकी बड़ी झलक प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान छत्तीसगढ़ पैवेलियन में देखने को मिल रही है।

प्रयागराज के सेक्टर 6 महाकुम्भ में लक्ष्मीद्वार के पास भारत सरकार के कलाग्राम के सामने छत्तीसगढ़ पैवेलियन स्थित है। इसके प्रवेश द्वार को छत्तीसगढ़ की पहचान गौर मुकुट का रूप दिया गया है, जो दूर से ही श्रद्धालुओं को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। प्रवेश द्वार पर ही भारत के नियाग्रा कहे जाने वाले बस्तर के चित्रकोट जलप्रपात की तस्वीर लगी है। पैवेलियन के भीतर प्रवेश करते ही छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की गयी है और प्रवेश द्वार के दाहिनी तरफ राज्य की चार ईष्ट देवियां मां महामाया, मां चंद्रहासिनी, मां दंतेश्वरी और मां बम्लेश्वरी की फोटो और उनकी जानकारी दी गयी है। पैवेलियन के भीतर प्रवेश करते ही बांयी तरफ छत्तीसगढ़ के जीवंत ग्रामीण परिवेश को दिखाया गया है। यहां पर परंपरागत ग्रामीण जीवन के साथ ही आदिवासी कला, संस्कृति, आभूषण, वस्त्र समेत एक संपूर्ण गांव का चित्रण किया गया है।




### शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी

छत्तीसगढ़ की प्रदर्शनी में प्रवेश करने के पहले बस्तर के ढोकरा शिल्प और राजकीय पशु तथा पक्षी को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन की फ्लैगशिप योजनाओं विशेषतर मोर आवास मोर अधिकार, 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी योजना की जानकारी दर्शायी गयी है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक विरासत के रूप में सिरपुर और जैतखाम की प्रतिकृति को निर्मित किया गया है। स्थानीय लोग और देशभर से आए श्रद्धालु छत्तीसगढ़ को ज्यादा से ज्यादा करीब से जान पाएं, इसके लिए वर्चुअल रियेलिटी हेडसेट और डोम के भीतर 180 डिग्री वीडियो के माध्यम से शासन की योजनाओं और छत्तीसगढ़ राज्य की जानकारी साझा की जा रही है।

## हंगामे के कारण टीम को बैरंग लौटना पड़ा

# छत पर चढ़ा, खुद पर मिट्टी तेल उड़ेलकर आत्महत्या की धमकी, पत्नी ने भी घर में खुद को बंद कर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर की आकाशवाणी स्थित उत्कल बस्ती में मकान खाली कराने पहुंची टीम के विरोध में पति-पत्नी ने आत्महत्या की धमकी देकर जमकर हंगामा किया। पत्नी घर के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी, वहीं उसका पति घर की छत पर चढ़ गया और खुद पर मिट्टी तेल उड़ेलकर आग लगाकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। पति-पत्नी दोनों करीब एक घंटे तक आत्महत्या की धमकी देकर हंगामा करते रहे, जिसके कारण टीम को भी बिना कार्रवाई किए बैरंग लौटना पड़ा। मकान खाली कराने पहुंची राजस्व टीम में शामिल तहसीलदार पवन कोसमा ने बताया कि प्राधिकृत अधिकारी के आदेश के तहत कब्जा खाली कराने टीम पहुंची थी, लेकिन पति-पत्नी के हंगामे के कारण कार्रवाई स्थगित करना पड़ा। इधर हंगामा करने वाले दंपति ने आरोप लगाया है कि मकान को उसके पिता पहले ही खरीद चुके हैं, लेकिन अब उसे खाली करने दबाव बनाया जा रहा है।

- प्राधिकृत अधिकारी के आदेश पर पुलिस बल के साथ मकान खाली कराने पहुंची थी राजस्व विभाग की टीम





### कार्रवाई स्थगित

दंपति के आत्महत्या की धमकी देकर हंगामा करने और हाईकोर्ट में अर्जी लगाने की बात सुनने के बाद फिलहाल कार्रवाई को अस्थाई तौर पर स्थगित किया है। पता लगाया जाएगा, मामला हाईकोर्ट में है या नहीं। इसके बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

- **पवन कोसमा**, तहसीलदार रायपुर

### *दशरथ का कहना-उसके पिता ने बिना लिखा-पढ़ी के खरीदा था मकान*

*दशरथ का कहना है कि जिस मकान को खाली करने कहा जा रहा है, उस मकान को उसके पिता स्व. शक्ति सोना ने दीपक के पिता हेमंत तांडी से अपने जीवित रहते हुए खरीद लिया था। इस मकान के एवज में उसके पिता ने बिना लिखा पढ़ी कराए रकम का भुगतान भी किया था। अब जब उसके पिता रहे नहीं, इसलिए दीपक मकान को हथियाना चाहता है। दशरथ ने आरोप भी लगाया है कि अधिकारी-कर्मचारी से सेटिंग कर उसने यह आदेश निकलवाया है, जिसके बाद उसने हाईकोर्ट में अर्जी लगाई है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों के आधार पर इस मामले में आदेश जारी किया गया है।*

### कई वर्षों से दोनों पक्षों के बीच मकान को लेकर चल रहा विवाद

पंचशीलनगर क्षेत्र के उत्कल नगर निवासी कपिल तांडी ने नजूल न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराया था कि मोहल्ले में उसकी 18.55 वर्गफीट जमीन पर बने कच्चे मकान में दशरथ सोना व उसके परिवार ने कब्जा कर रखा है। इस प्रकरण में सुनवाई के बाद प्राधिकृत अधिकारी ने कपिल की शिकायत सही पाई, जिसके बाद वर्ष 2021-22 में घर को खाली कराने आदेश जारी किया था। इस आदेश का पालन कराने के लिए तहसील कार्यालय और सिविल लाइंस थाना पुलिस को पत्र लिखा गया था, जिसके बाद राजस्व विभाग टीम पुलिस बल के साथ मकान को खाली कराने मंगलवार दोपहर 12 बजे उत्कल नगर पहुंची। इधर टीम घर को खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर पाती, उससे पहले घर में मौजूद दशरथ मिट्टी तेल से भरा डिब्बा और माचिस लेकर अपने कच्चे घर की छत पर चढ़ गया, वहीं उसकी पत्नी ने घर के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर लिया और दोनों आत्महत्या करने की धमकी देने लगे। दशरथ खुद पर मिट्टी तेल उड़ेल कर आग लगाने की धमकी देकर कार्रवाई रोकने की मांग करने लगा। पति-पत्नी दोनों करीब एक घंटे तक इस तरह आत्महत्या का ड्रामा करते रहे। पति-पत्नी के इस हंगामे के बाद राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों ने दंपति को कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन देकर किसी तरह समझाइश दी, जिसके बाद दोनों ने बातचीत करते हुए अधिकारियों को बताया कि इस मामले में उन्होंने हाईकोर्ट में अर्जी दे रखी है, जिस पर सुनवाई होनी है। अधिकारियों ने दंपति की बात सुनने के बाद कार्रवाई को फिलहाल रोक दिया है। अधिकारियों ने दंपति से हाईकोर्ट में लगाई गई अर्जी की पावती मांगी है, जिसे देखने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अपहरण के बाद मारपीट से गंभीर घायल यश की अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

तेलीबांधा में रहने वाले एक युवक का अपहरण कर उससे जमकर मारपीट की गई। घायल युवक ने 3 महीने जिंदगी और मौत की जंग लड़ते हुए मेकाहारा अस्पताल में इलाज के दौरान आखिरकार दम तोड़ दिया।

- तेलीबांधा निवासी यश शर्मा 3 माह से लड़ रहा था जिंदगी की जंग

विगत वर्ष 13 अक्टूबर को 4 दबंगों ने तेलीबांधा से अपहरण कर यश शर्मा को शगुन फार्म्स में दो दिन तक बंधक बनाकर उसके साथ जमकर मारपीट की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में तुषार पाहुजा, तुषार पंजवानी, चिराग पंजवानी और यश खेमानी पर अपहरण एवं मारपीट करने का आरोप लगा था। अस्पताल में मंगलवार को यश शर्मा ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हैं। इस मामले में राजेंद्र नगर थाने में हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मामला दर्ज है।



### *सिंधी समाज ने किया थाने का घेराव*

*यश शर्मा का अपहरण कर मारपीट करने वाले फरार आरोपियों को पकड़ने की मांग की गई थी। इधर इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों और सिंधी समाजजनों ने थाने का घेराव कर आक्रोश जताया और जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।*

### थोक सब्जी बाजार से हटाए गए ठेले



**रायपुर**। डुमरतराई सब्जी मार्केट में सड़क पर लगाए गए अवैध ठेले और गुमटियां हटाई गई हैं। इसके पश्चात सफाई अभियान चलाया गया। नगर निगम जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा, अभियंता दिनेश सिन्हा, उप अभियंता रविप्रभात साहू की उपस्थिति में नगर निवेश उड़नदस्ता द्वारा यह कार्रवाई की गई। भविष्य में अवैध ठेले और गुमटियां ना लगाने और सफाई व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी गई।

# छत्तीसगढ़ में अब तक साढ़े 22 लाख किसानों ने बेचा धान, पौने पांच लाख किसान बाकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले साल 14 नवंबर से शुरू हुई न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद अब तक राज्यभर में करीब साढ़े 22 लाख किसान अपने हिस्से का धान बेच चुके हैं। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 27 लाख 78 हजार किसानों का पंजीयन हुआ है। इस हिसाब से अभी करीब पौने पांच लाख किसानों का धान बिकना बाकी है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 21 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा जा चुका है, जबकि सरकार ने 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा है।

राज्य में खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदी के समय आई कुछ बाधाओं के बावजूद सरकार के प्रयासों से किसानों को धान बेचने में अब तक किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा है। खरीदी शुरु होने के समय से राज्य के मिलरों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार से असहयोग शुरु किया था। मिलर उपार्जन केंद्रों से धान उठाने को तैयार नहीं थे। सरकार ने इस समस्या को सुलझान के लिए राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लेकर निराकरण करवाया। इसके साथ ही खरीदी से संबंधित सोसायटी के कर्मी अपनी मांगों को लेकर आंदोलित थे, लेकिन सरकार ने इसका भी हल निकाल लिया। यही नहीं जब खरीदी केंद्रों से धान का उठाव न होने पर खरीदी प्रभावित होने की स्थिति बनी तो इसे भी सरकार ने संभाल लिया। कुल मिलाकर अब नतीजा ये सामने है कि धान खरीदी निर्बाध चल रही है।



- 11 जिलों में 1 लाख से अधिक किसानों ने बेचा है
- अब तक 1.21 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदी

### *एक तिहाई जिलों में एक लाख से अधिक ने बेचा*

*छत्तीसगढ़ में इस समय राज्य के सभी 33 जिलों में धान खरीदी चल रही। इस खरीदी के लिए कुल 2 हजार 739 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। खरीदी शुरु होने के बाद से लेकर अब तक राज्य के एक तिहाई यानी 11 जिलों में एक लाख से अधिक किसान अपना धान बेच चुके हैं। इन जिलों में बिलासपुर, जाजंगीर चांपा, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, और रायपुर शामिल है। इसके अलावा कुछ अन्य जिलों में 80 हजार या उससे अधिक किसानों ने धान बेचा है। इनमें कांकेर, मुंगेली, दुर्ग, जिले हैं। खास बात ये है कि ये सभी धान उत्पादक जिले हैं। राज्य में बस्तर संभाग के जिले और सरगुजा संभाग के जिलों में मैदानी इलाकों के मुकाबले कम धान पैदा होता है।*

# छत्तीसगढ़ में चिटफंड पार्ट-2, हजारों करोड़ की लूट पर सरकार मौन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका को गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदेश की हजारों गरीब महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की राशि वापस करने एवं निवेश के नाम पर बैंकों से दिलवाए गए ऋण को माफ करने के संबंध में पत्र लिखा है।

- राज्यपाल को नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने लिखा पत्र

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, भाजपा राज में यह चिटफंड पार्ट 2 है। भाजपा की पिछली सरकार में भी प्रदेश के आम गरीब जनों के करोड़ों रुपए चिटफंड के नाम पर लूटे गए थे जिसे कांग्रेस की सरकार ने कुछ हद तक गरीबों के रुपये लौटाने का कार्य किया था। वर्ष 2023 में भाजपा की सरकार बनते ही फिर से चिटफंड कंपनियां सक्रिय हो गई हैं। गरीब, पढ़े लिखें युवा महिलाओं से मात्र 1 वर्ष में ही हजारों करोड़ों की धोखाधड़ी हो गयी है। लूटी गयी जनता परेशान है, भाजपा सरकार मौन है।



### *ठगी को दिया अंजाम*

*डॉ महंत ने संविधान का भी हवाला दिया है और कहा है कि समाज के दुर्बल तबके का ध्यान रखना सरकार की जिम्मेदारी है। ठगी करने वाली कंपनी ने पहले महिलाओं को लोन दिलवाया और लोन के कुछ किस्त भी चुकाए। ताकि उनका सिबील अच्छा बन जाए और इस तरह से बार-बार लोन दिलवाकर ठगी को अंजाम दिया गया है।*

### लोन दिलवाकर कंपनियों में निवेश कराने ठगी

नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा, प्रदेश में गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों को निजी बैंको से लोन दिलाने और ऋण की राशि को अपनी कम्पनियों में निवेश करवाने के नाम पर कोरबा, जांजगीर, बालोद सहित 10-12 जिलो की लगभग 40 हजार महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों से हजारों करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कोरबा की फ्लोरामेक्स कम्पनी और बालोद की सप्तऋषि संस्थान व अन्य गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा महिलाओं को भरोसा भी दिलाया गया था कि लोन की किश्त की राशि कम्पनी द्वारा भुगतान की जाएगी।महिलाओं के नाम 11 निजी क्षेत्र के बैंकों से ज्यादा राशि का लोन लेकर कम्पनी मे इन्वेस्ट करवाया गया तथा कम्पनियों के कार्यालय बंद कर कम्पनी संचालक फरार हो गए है। बैंको से ऋण जमा करने हेतु लोन धारक महिलाओं को लगातार नोटिस दिया जा रहा है।

# कांग्रेस संगठन में बदलाव के संकेत भूपेश और दीपक दिल्ली तलब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तारीखों का कभी भी ऐलान हो सकता है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस और बीजेपी दोनों अपनी अपनी तैयारियों में जुट गई हैं। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों से पहले कांग्रेस संगठन में बदलाव की हलचल भी तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार संगठन में बदलाव और मजबूती को लेकर दिल्ली में बड़ी तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दिल्ली दरबार में तलब किया गया है।

सूत्र बताते हैं कि दिल्ली में एआईसीसी के कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम और संगठन को लेकर बैठक होनी है। बैठक में शामिल होने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली रवाना हो गए हैं। मंगलवार दोपहर में दीपक बैज दिल्ली के लिए निकले हैं। आज ही देर शाम छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी दिल्ली रवाना हो गए। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं से उनकी मुलाकात होनी है।




### संगठन में बदलाव के संकेत

माना जा रहा है कि भाजपा ने प्रदेश स्तर पर संगठन में जिस तरीके से बदलाव किए हैं, जिन राजनीतिक और जातिगत समीकरण को ध्यान में रखकर जिलों को मजबूत किया है, कांग्रेस उस रणनीति से परेशान है। कांग्रेस निकाय चुनावों में अपनी रणनीति को और मजबूत बनाने के लिए संगठन में बदलाव कर सकती है। संभव है इस पर दिल्ली में चर्चा हो।

### एआईसीसी कार्यालय का उद्घाटन पायलट से मुलाकात- बैज

दिल्ली दौरे को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, एआईसीसी के कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली जा रहे हैं। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मुलाक़ात कर निकाय चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। कल तीन ज़िलाध्यक्षों की सूची आई है, जल्द ही पूरी तस्वीर साफ़ होगी।

# यादव ठेठवार समाज के परिचय सम्मेलन में शामिल हुए मूणत

**रायपुर**। यादव ठेठवार समाज रायपुर महानगर का वार्षिक अधिवेशन एवं युवक-युवती परिचय सम्मलेन राज मुख्यालय महादेवघाट रायपुरा में हुआ। भगवान श्रीकृष्ण के चित्र का तिलक, चंदन, पूजा, आरती कर एवं बालिकाओं के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। विवाहयोग्य युवक-युवती का फॉर्म संकलन किया गया, जिसमें लगभग 130 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें 11 विधवा, विधुर, परित्यक्ता ने भी अपना परिचय दिया। इस दौरान विधायक राजेश मूणत ने कहा कि सबसे ऊपर मनुष्य जीवन है, एक-दूसरे के काम आएं, भाईचारा बना रहे, छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करते रहें। इससे बड़ा कोई काम नहीं। उन्होंने समाज को 15 लाख देने का घोषणा की। यादव ठेठवार महासभा प्रदेश अध्यक्ष गुलेंद्र यादव, रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष परमानंद यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ललिता यादव, जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष यदु एवं रवि संतु ने किया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मनौद में तीन दिवसीय गायत्री यज्ञ 18 से

**बालोद।** ग्राम मनौद में तीन दिवसीय गायत्री यज्ञ का आयोजन 18 जनवरी से किया गया है, जिसका समापन 20 जनवरी को होगा। लक्कू साहू ने बताया कि इसके लिए 15 जनवरी को भूमिपूजन किया गया।

### ग्राम माहुद बी में मड़ई-मेला आज

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम माहुद बी में मड़ई मेला का आयोजन 16 जनवरी को किया गया है। सरपंच डॉ नारायण दास साहू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि नाच ग़म्मत आजय माला खोड़वा नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात, दिया न्योता



**रायपुर।** आईएमए का एक प्रतिनिधिमंडल, आईएमए रायपुर अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी और भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इसी दौरान प्रतिनिधिमंडल ने 16 जनवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री साय को आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर आने की अपनी सहमति प्रदान की। साथ ही आईएमए ने कई महत्वपूर्ण मांगें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

### जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**दुर्ग।** शा पूर्व माध्यमिक विद्यालय चीचा ब्लाक धमधा मे स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा एवं तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता परीक्षा युवा दिवस से प्रेरित युवा प्रेरणा स्त्रोत विवेकानंद के जीवनी, प्रेरणादायक विचार, शिकागो यात्रा और शिक्षा से जुड़े हुए प्रश्न पत्र शिक्षक संतोष कुमार बघेल द्वारा तैयार किया गया था। परीक्षा का उद्देश्य आने वाले समय में प्रतियोगिता परीक्षा से जोड़ना है वही तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता से बच्चों मे अभिव्यक्ति कौशल के माध्यम से निखार लाना है। प्रतियोगिता के बाद विचार गोष्ठी हुए जिसमें कु हेमिन, कु पलक, कु नेहा, कु प्रियाशी और राघवेन्द्र ने विवेकानंदके विचारों, जीवनी, व्यक्तित्व विकास, धर्म सम्मेलन और नशा मुक्ति पर अपने विचार साझा किये। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में कक्षा आठवीं कि कु रोमा वर्मा प्रथम, ओमकार वर्मा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तत्कालीन भाषण में कु शिवाली वर्मा प्रथम और रोमा वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे।

### महिलाओं ने मनाया लोहड़ी व मकर संक्रांति

**दुर्ग।** कायस्थ सभा की महिलाओं द्वारा लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व परँपरागत तरीक़े से हर्षोल्लास के साथ श्री चित्रगुप्त साँस्कृतिक भवन कसारीडीह दुर्ग में मनाया।

इस अवसर पर सभी महिलाएं पारँपरिक परिधान पहने। उन्होंने गीत गाए, नृत्य किया, विभिन्न मनोरंजक खेल खेले एवं लजीज व्यंजन खाए एवं सभी महिलाओं का सम्मान किया गया।

### बीआईटी में जिला स्तरीय कार्यक्रम 25 को

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2025 को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बीआईटी दुर्ग के ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी से मिली जनकारी अनुसार मतदाता दिवस हेतु पंचवाक्य थीम नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फार सर निर्धारित किया है। मतदाता दिवस का आयोजन समस्त मतदान केन्द्रों एवं तहसील मुख्यालयों में भी किया जाएगा।

# लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभागों में बिना किसी वाजिब कारण के अनाधिकृत रूप से 01 वर्ष से अधिक समय तक अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले के सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार लंबे समय तक अनुपस्थित लापरवाह अधिकारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में चन्द्रवाल ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से जिले के आश्रम एवं छात्रवासों में निवासरत विद्यार्थियों जाति प्रमाण पत्र बनाने की कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आश्रम–छात्रावासों में निवासरत सभी बच्चों का अनिवार्य रूप से जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को इन प्रकरणों का विशेष प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने–अपने विभागों की बैंक खातों की जाँच करने तथा अनिवार्य रूप से निष्क्रिय खातों की जानकारी भी देने के निर्देश दिए।



### चैटबॉट से प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की

बैठक में चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन द्वारा आम जनता के सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई व्हाट्सएप्प चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के विस्तृत समीक्षा भी की। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को तीन दिन के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की।

## अन्य पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में जिलाध्यक्ष छगन ने जताई नाराजगी

# छत्तीसगढ़ में 33 जिला पंचायत, लेकिन ओबीसी के लिए एक भी आरक्षण नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

बुधवार को डोंडी के रेस्ट हाउस में अन्य पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक हुई। बैठक में 30 दिसंबर को डोंडी में हुए धरना प्रदर्शन की समीक्षा तथा चुनाव आरक्षण रोस्टर के विरोध में आने वाले दिनों में और बड़े स्तर पर आंदोलन की बात की गई।

इसके साथ ही कहा गया कि शीघ्र ही चुनाव रोस्टर की प्रति डोंडी में जलाई जाएगी। बैठक में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए समाज के जिला अध्यक्ष छगन यादव ने बताया कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव के आरक्षण में छत्तीसगढ़ प्रदेश में निवासरत 52 प्रतिशत आबादी के साथ राज्य सरकार द्वारा किस तरह खिलवाड़ किया गया है कि हमारे वर्ग के लोगों को सीधा चुनाव से वंचित कर दिया है। यह तो सरासर अन्याय हैं । उन्होंने कहा कि हम लोग अलग अलग विचारधारा से आते हैं, परंतु दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमें ओबीसी समाज की व्यक्ति की हैसियत से आंदोलन करना है। उन्होंने कहा कि सरकार का इसी तरह की रवैया रहा, तो आने वाले दिनों में हमारे बच्चे को अभी जो वर्तमान में नौकरी मिल रही है, वह भी छिन जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कितनी कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ में 33 जिला पंचायत हैं, जिनमें ओबीसी के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। पिछले चुनावों में जो 25 प्रतिशत आरक्षण जो हुआ करता था, उसे भी छीन लिया गया। उन्होंने बताया कि चुनावी रोस्टर के विरोध में हम लोगों ने बस्तर संभाग वाले ओबीसी समाज के साथ मिलकर 30 दिसंबर को जो धरना प्रदर्शन किए थे, उसे डोंडी के अलावा कोरर चारामा कांकेर भानु प्रतापपुर अंतागढ़ कोंडागांव नारायणपुर जगदलपुर दतेवाड़ा सुकमा कोंटा में जबरदस्त सफलता मिली। हम लोगों के आंदोलन को आदिवासी समाज का भी सहयोग मिला।

इससे सरकार के कान तो जरूर खड़े हुए हैं और सरकार में बैठे लोग सोचने को मजबूर हो कर बयान देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें ओबीसी आरक्षण के विषय पर सरकार की मंशा का जमकर विरोध करना है और आने वाले दिनों में हम लोगों को और आंदोलन करना है। इसके लिए सभी लोग तैयार रहें। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन जीवन धनकर तेज राम साहू गोरेलाल सोनी हिंसा राम साहू डोमन साहू श्रीराम साहू शिवराम रनघाटी हिरूउ राम धनकर धनेश साहू गेंदलाल धनकर दीपचंद सिन्हा संतोष कौशिक नितिन साहू जगदीश यादव श्याम लाल सोनार हीरालाल सोनबोइर पुनाराम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# भागवत कथा में राजा परीक्षित संवाद प्रसंग पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ग्राम डौकीडीह में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथावाचक आचार्य पं. वेदप्रकाश पांडेय महाराज श्री दुर्गा मंदिर नगपुरा जिला दुर्ग के महाराज जी भागवत में राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित वराह अवतार का प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके।

परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने श्राप दिया और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

# चुनाव के लिए दावेदारों ने प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत की अपनी दावेदारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ प्रभारी पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में हुई कार्यशाला

नगरीय निकाय चुनाव 2025, त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए प्रभारी पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गुरुर मंडल, पुरूर मंडल, सनौद मंडल के भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस दौरान नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष, पार्षद, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी प्रभारी वीरेन्द्र साहू के समक्ष प्रस्तुत की। मंडल से नाम का पैनल बनाकर आगे जिला को प्रेषित किया जाएगा। जिला–संभाग के समन्वयन से फाइनल उम्मीदवारों की घोषणा पार्टी द्वारा की जाएगी।

चुनाव में सभी कार्यकर्ता मिलकर चुनाव लड़ेंगे और अधिक से अधिक सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार को विजयी बनाने का संकल्प लेकर कार्य करेंगे। भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए चुनाव में जाने की बात प्रभारी ने कही। कार्यक्रम में मंडल चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, सनौद मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, पुरूर मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, मेहत्तर नेता महामंत्री भुवन साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, जनार्दन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष यादवराम साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आदित्य पिपरे, नरेश साहू, राजेश दीवान, लखन लाल गुरूपंच, दुर्गानंद साहू, अनसुइया ध्रुव, चिंताराम साहू, गिरधर ठाकुर, चंद्रप्रकाश गांधी, पन्नालाल साहू, रूखमण सिन्हा, उज्वल साहू, तेजराम साहू एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## पेज 9 का शेष

### एसपी साहू को मिली ...

प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह एवं अन्य थाना/चौकी प्रभारी अधिकारी व पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं।

### क्रशर प्लांट के ...

ग्रामीणों ने मांग की है कि खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर व आरके मिरी खनिज निरीक्षण बेमेतरा जांच करवाई जाए। इस अवसर पर दिलीप, टीकम निर्मलकर, रमेश वर्मा, शत्रुहन यादव, आरिफ खान, नंदलाल साहू, नरसिंग पटेल, रामु निर्मलकर, कुनाबाई, सुरेश यादव, लोकेश बारले, सिलोचनी यादव, इन्द्राणी निर्मलकर, भुनेश्वरी, राजकुमार, धर्मेन्द्र जायसवाल, जनक निर्मलकर सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**ब्लास्टिंग से घरों में दरार व पत्थर की मार से भय का स्थिति:** शिकायत में कहा गया कि बच्चों का स्कूल क्रशर प्लान्ट से 100-150 मीटर पर स्थित है, जो धूल के कारण बच्चों की पढाई में बाधा उत्पन्न होती है। साथ ही शोरगुल से आये दिनों लगातार परेशानी झेलना मजबूरी बन गया है। वहीं, इसी से जुड़ी बस्ती, मस्जिद, खाने का ढाबा व मवेशियों का गोठान, शनि मंदिर 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, इसके अलावा कोदवा गांव का चौक-चौराहा सब्जी बाजार है खदान में ब्लास्टिंग व धूल के कारण सभी का जन जीवन प्रभावित है। क्रशर की चलने की ध्वनि भी इतनी तेज आवाजे है कि घरो में भी बच्चों का पढ़ाई में समस्या आ रही है। ब्लास्टिंग के समय कई बार पत्थर नमाजियों पर आ कर गिरे हैं और मस्जिद में भी दरारें आ चुकी हैं। घरों में भी दरार आ चुकी हैं। स्कूल में बच्चे भी ब्लास्टिंग से प्रभावित होते हैं, क्योंकि ब्लास्टिंग की आवाज बहुत तेज होती है। कई बार ग्रामीणों द्वारा क्रशरप्लान्ट में जाकर संचालन करने वाले व्यक्ति तरुण चौधरी, विवके तिवारी व हरियाणा के बाहरी व्यक्ति को नम्र निवेदन कर चुके हैं कि आप अवैध रूप से क्रशरप्लान्ट व अवैध माल की बिक्री बगैर पिटपास ना किया जाए।

**बिना अनुमति संचालन, पर्यावरण नियमों का उल्लंघन:** ग्रामीणों का कहना है कि बगैर अनुमति के पर्यावरण नियमों का घोर उल्लंघन करते हुए भण्डारित क्रशर प्लांट को संचालित किया जा रहा है। लेकिन क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण विभाग दुर्ग को भी ग्रामीणों द्वारा बार-बार लिखित शिकायत देने पर 5 दिसम्बर 2024 को क्षेत्रिय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मण्डल दुर्ग द्वारा निरिक्षण पर क्रशर प्लांट को बंद के लिए नोटिस दिया गया। लेकिन तरूण चौधरी व उसके सहयोगी क्रशर प्लांट को पर्यावरण विभाग बंद का नोटिस देने के बाद भी चला रहा है, जो चिंता का विषय है। तरूण चौधरी द्वारा अवैध क्रशर प्लांट को संचालित करवाया जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### भाजपा मंडल बालोद ने किया कंबल वितरण

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बालोद द्वारा अटल जन्म शताब्दी के अवसर पर लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को नगर पालिका के अंतर्गत कार्य कर रही स्वच्छता दीदियों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय कमलेश सोनी व सुरेश निर्मलकर, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, महामंत्री नरेन्द्र सोनवानी सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मढ़ियापार में बनेगा पुल जिपं सदस्य पुष्पेंद्र ने किया भूमिपूजन




**गुण्डरदेही।** जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने विकासखंड के ग्राम मढ़ियापार में पुल निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पुल निर्माण के लिए 15 वें वित्त की राशि से 14 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर काम करना शुरू कर दिया है। यह राज्य आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है। भूमिपूजन के अवसर सरपंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शासकीय विद्यालय कनेरी में हुई शिक्षक-पालक बैठक



**गुरूर।** पूर्व माध्यमिक शाला कनेरी में शिक्षक-पालक बैठक रखी गई। बैठक में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा के साथ अन्य विषय पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से सरपंच दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा, जनार्दन सिन्हा, डोमार साहू, बृजलाल साहू, इकबाल अली सहित लगभग 50 पालक उपस्थित थे।

### ग्रामीणा ने भूमि के पट्टे के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार



**बालोद।** ग्राम कमरौद निवासी कामदेव पिता पुराराम मरार ने घर का पट्टा प्रदान करने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम कमरौद में 50 वर्ष से लगभग 4 डिसमिल स्थान पर निवास कर रहा हूं। उन्होंने पट्टा प्रदान करने का आग्रह किया है।

## खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने संबलपुर में निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

# नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ 20 लाख से होंगे अनेक निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में नई सरकार गठन के बाद विकास एवं निर्माण कार्यों पर निरंतर जोर दिया जा रहा है। इसके तहत मांग के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इसी तरह बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भी अनेक निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत संबलपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 85 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

■ संबलपुर में 50 लाख रूपए की लागत से बनेगा लोधी समाज का सामुदायिक भवन

इनमें संबलपुर में लोधी समाज के सामुदायिक भवन हेतु 50 लाख रुपए, ग्राम बदनारा में पशु औषधालय भवन निर्माण के लिए 15.53 लाख रुपए और ग्राम केशला (जोगी दीप) में विप्र समाज भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए के निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत दाढ़ी में लगभग 134.76 लाख रुपए के सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, राकेश राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष मारो धनलाल देशलहरे, लोधी समाज के अध्यक्ष इंद्र कुमार राजपूत, परस वर्मा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**ग्राम पंचायत दाढ़ी में एक करोड़ 35 लाख से होगा सीसी**



### सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है राज्य की भाजपा सरकार

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शासन के योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। सभी वर्गों को सरकार की योजनाओं का फायदा मिले यह हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है।

## लक्ष्मी देवी राधादेवी फाउंडेशन ने बांटा सफाई कर्मियों और मित्रों को कंबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

लक्ष्मी देवी राधादेवी फाउंडेशन ने एक विशेष कार्यक्रम में नगर के सफाई कर्मियों और सफाई मित्रों को कंबल प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी की उपस्थिति फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रेम सिंघानिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल उन कर्मठ सफाई कर्मियों और सफाई मित्रों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक प्रयास है, जो निस्वार्थ भाव से समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मियों को कंबल वितरित करते हुए उनकी मेहनत और सेवा को सराहा गया। कार्यक्रम के पूर्व में फाउंडेशन के व्यवस्थापक सुरेंद्र सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विष्णु जोशी, राजेश ठाकुर को दुपट्टा से स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्वच्छता के लिए सीएमओ, सफाईकर्मियों की प्रसंशा करते हुए कहा, सफाई कर्मी समाज के अनमोल स्तंभ हैं। उनकी सेवा और समर्पण को सम्मान देना हम सभी का कर्तव्य है। इस आयोजन में सीएमओ यशवंत देवांगन, मुकेश सिंघानिया, विष्णु जोशी, पुरूषोत्तम अग्रवाल, चेतन सिन्हा, गोविंद सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, अतुल सिंघानिया, सतीश केडिया, गिरधारी देवांगन, बोधी सिन्हा,रामजी सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल सिंघानिया ने किया।

## देव पब्लिक स्कूल बारगांव के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला क्षेत्र के ग्राम बारगांव के देव पब्लिक स्कूल बारगांव के पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने जिला बालोद के गंगा मैया झलमला, ताँदुला जलाशय, रानी माई, सियादेवी मंदिर जैसे पर्यटन स्थानों का भ्रमण किया गया। स्कूल के लगभग 50 बच्चों सहित स्टाफ की सभी टीचर्स और पालकों ने भ्रमण का आनंद लिया। स्कूल के शिक्षक अरविंद टंडन ने बच्चो को गंगा मैया मंदिर निर्माण से संबंधित प्राचीन मान्यताओं की जानकारी दी। वही शैक्षणिक भ्रमण को लेकर स्कूल के प्रधान पाठक फूलचंद निषाद ने बताया कि बच्चे वहां की प्राकृतिक सुंदरता में मंत्रमुग्ध हो गए। टीचर्स चेतन यादव , द्रौपदी निषाद, भारती साहू, लक्ष्मी यदु, मंजूषा साहू, हेमलता साहू एवं तरन्नुम निशा ने बच्चों को अपनी निगरानी में मंदिर दर्शन और दुकानों पर खिलौना अन्य सामान खरीदी भी कराया। भ्रमण के दौरान शंकर साहू, राजू निर्मलकर, जितेंद्र साहू, गंगा निषाद जैसे अन्य पालकों ने भी भ्रमण का भरपूर आनंद लिया।

## वार्षिकोत्सव में निखरती है छात्र-छात्राओं की प्रतिभा

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के ग्राम कठिया रांका में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कुल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रखा गया था।

इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के आयोजन में कला और संस्कृति की रंगारंग मंचीय प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथि व पालकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि छात्र-छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने वार्षिकोत्सव से बेहतर कोई दूसरा मंच नहीं हो सकता। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा का ऐसा नजारा पेश किया, कि दर्शक दीर्घा में उपस्थित उनके पालकों का गौरवान्वित उत्साह देखते बना। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य और भगवान श्री गणेश की स्तुति से हुआ। सिलसिलेवार तरीके से बॉलीवुड डांस, हिंदी सांग गुजराती लोक नृत्य, फैंसी ड्रेस, छत्तीसगढ़ी नृत्य, माँ काली सहित अन्य क्लासिकल डांस और समाज को जागरुकता का संदेश देने वाले नाटकों के मंचीय प्रस्तुतियों को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खूब सराहना मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक दीपेश साहू कहा कि वार्षिकोत्सव में बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा निखरती है। कला और संस्कृति के साथ साथ अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए पालकों को भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल भाजपा नेता राजा गौकरण साहू ताराचंद साहू सुन्दर यादव परमेश्वर साहू ओमकार साहू लेखराम निषाद प्रमोद साहू घनश्याम साहू धनंजय साहू राजेश चौबे मनी टंडन बीरु साहू पीनू साहू लल्लू कुरैसी रवि साहू बिसौहा राम साहू डीपी वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता गण स्कूल के प्रिंसिपल सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं सहित पालक उपस्थित थे।

## विकासखंडस्तरीय पाक कला प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला जेवरा के रसोइयों ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा में किया गया। यह प्रतियोगिता बेमेतरा विकासखंड के समस्त प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोइयों के मध्य था। इस पाक कला प्रतियोगिता में जेवरा संकुल से प्राथमिक शाला जेवरा के रसोइया गंगोत्री और रूखमणी ने इस पाक कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि द्वितीय स्थान पर जेवरी संकुल से प्राथमिक शाला बीजाभाट के रसोइया उषा और सुकृता तथा तृतीय स्थान पर जिया संकुल से प्राथमिक शाला जिया के रसोइया गोदावरी रहे।

■ प्रतियोगिता में सभी संकुलों से एक शाला के दो-दो रसोइए हुए थे शामिल

प्रतियोगिता में सभी संकुलों से एक शाला के दो रसोइयों का चयन कर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में बुलाया गया था। जिसमें सभी रसोइयों ने विविध व्यंजन खीर, पूड़ी, आलू भटा, पालक के पकौड़े, सब्जियां, दाल चावल पकाए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा अरुण खरे ने सभी प्रतियोगियों को निर्देशित किया कि अपने अपने शाला में भी भोजन इसी तरह बनाना है। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना है। जिस तरह से हम अपने घर में, अपने बच्चों के लिए साफ स्वच्छ और सुंदर भाव से भोजन बनाते हैं, वैसे ही विद्यालय के बच्चों को अपने बच्चे समझ कर उसी भाव से ही भोजन बनाना है और परोसने है। खुद भी साफ एवं सुरक्षित रहना है। बच्चों को बहुत प्यार से भोजन परोस कर खिलाना हैं। पाक कला प्रतियोगिता में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा अरुण खरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक ग्रेट 2 बी के भुवाल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जेवरा के प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन शाला के सभी शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

पाक कला प्रतियोगिता की निर्णायक दल में अरुण खरे विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विधि शर्मा सहायक शिक्षिका प्राथमिक शाला गुनरबोड एवं रश्मि अग्रवाल व्याख्याता उच्चतर माध्यमिक शाला जेवरा रहे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के साथ साथ उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## खेल हमें आपस में एक दूसरे से जोड़ते हैं : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




ग्राम पंचायत देवादा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 2025 के शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान श्री छाबड़ा ने खेल प्रतियोगित का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व वि धा य क छाबड़ा ने कहा कि कबड्डी प्रतियोगिता न केवल एक खेल है, बल्कि आपस में प्रेम व्यवहार तथा सौहार्द्र उत्पन्न करने वाला एक खेल भी है, जहां खिलाड़ी अपने खेल से न केवल अपनी टीम भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी आगे करते हैं।

■ पूर्व विधायक ने देवादा में छत्तीसगढ़ स्तरीय एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है। खेल के माध्यम से हम अपने शरीर को चुस्त दुरुस्त रखते हैं साथ ही साथ इससे आपसी प्रेम भावना एवं सद्भाव भी बढ़ता है खेलने केवल लोगों को आकर्षित करता है बल्कि इस खेल के माध्यम से लोग आपस में एक दूसरे से जोड़ते हैं।

मैं न्यू स्टार कबड्डी क्लब के आयोजकों को इस खेल के आयोजन के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं तथा धन्यवाद देता हूं जो उन्होंने इस कार्यक्रम में मुझे आमंत्रित किया इस अवसर पर टिकेंद्र परगनिया, सत्यभामा परगनिहा, शुभम वर्मा, द्रौपदी साहू सरपंच ग्राम पंचायत देवदा, उमाकांत परगनिहा ,गगन परगनिहा ,चेतन बंजारे, साकेत साहू, जितेंद्र पाल, अजय निषाद, ओमप्रकाश साहू सरपंच ग्राम पंचायत सुरहोली, प्रियांशु परगनिहा, चंद्र कुमार परगनिहा, लालूराम साहू, यशवंत वर्मा, राजाराम साहू, सनत साहू , घनश्याम यादव ,राजकुमार बंजारे ,ठाकुर राम साहू नीलकंठ निषाद, सूर्यकांत परगनिहा ,कमलेश पाल, जितेश्वर परगनिहा ,दिलीप निर्मलकर इत्यादि उपस्थित रहे।




## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा से पहले लिया गया मॉक टेस्ट

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025-26 के लिए विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन और तैयारी के लिए संकुल केंद्र अरजपुरी एवं संकुल केंद्र भीमपुरी द्वारा संयुक्त रूप से मॉक टेस्ट लिया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न समय प्रबंधन और प्रश्नों को हल करने की तकनीक से परिचित कराना था। मॉक टेस्ट में दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में विभिन्न स्कूलों के 92 बच्चे सम्मिलित हुए। टेस्ट के दौरान विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसा माहौल दिया गया, जिससे उनकी तैयारी को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। मॉक टेस्ट के माध्यम से बच्चों को प्रश्नों के प्रकार और परीक्षा के प्रारूप को समझने में सहायता मिली, समय प्रबंधन बच्चों को समयबद्ध तरीके से उत्तर देने की कला सिखाई गई। शिक्षकों और प्रशिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा से संबंधित टिप्स दिए। बता दें कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पूर्व में जोन स्तर पर दिए गए निर्देशों के अनुरूप नवोदय परीक्षा की तैयारी संकुल एवं शाला स्तर पर कराई जा रही थी। संकुल प्राचार्य अरजपुरी नंद लाल पिंकेश्वर एवं संकुल प्राचार्य भीमपुरी बंशीधर आर्य ने मॉक टेस्ट का निरीक्षण किया। केंद्राध्यक्ष तोमेश्वर साहू, सहायक केंद्राध्यक्ष आशीष कुमार कुलदीप, जीवनलाल साहू, खिलावन सिंह माहला, नागेन्द्र प्रसाद काठौर, एसपी रात्रे, बीना दास, चंद्रमणि चौहान का सहयोग रहा।









